जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर, स्थान पडरौना।

प्रेस–विज्ञाप्ति

संख्याः 918(11) /डीएलएसए/कुशीनगर/दिनांकः नवम्बर 07, 2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आम जनता को विधिक सेवा संस्थानों के माध्यम से विधिक सेवायें प्रदान करने में सहायता प्रदान करने हेतु पैरा लीगल वालंटियर्स (पी0एल0वी0) का चयन कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर द्वारा किया जाना है जिस हेतु कार्यालय द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया जिसकी अन्तिम तिथि दिनांक 22.11.2025 की सायं 5 बजे तक निर्धारित है।

उक्त पद के आवेदन हेतु न्यूनतम योग्यता मैट्रिक्स पास तथा उनमें समग्र समझ की क्षमता होनी चाहिए। नालसा द्वारा निर्मित पराविधिक स्वयं सेवक योजना के अनुसार सेवारत एवं निवृत्त अध्यापक, सेवा/निवृत्त सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, चिकित्सक, एम0एस0डब्लू0, छात्र, विधि छात्र (जब तक वह अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत नहीं हो जाते है), आंगनबाड़ी कार्यकत्रि, स्वयं सेवी संस्थाओं इत्यादि में से इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते है।

अतः इच्छुक आवेदक आवेदन पत्र संलग्न निर्धारित प्रारूप में अपना विवरण अंकित कर एवं अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों की छाया प्रति संलग्न कर अन्तिम तिथि दिनांक 22.11.2025 को सायं 5 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर में जमा कर सकते है।

दिनांक– 07.11.2025

(शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी)
अपर जिला जज/सचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर।
2. सिस्टम ऑफिसर, जजशिप कुशीनगर को दीवानी न्यायालय कुशीनगर की वेबसाइट पर उक्त सूचना को अपलोड करने हेतु।
3. जिला सूचना अधिकारी, कुशीनगर, जनपद के समस्त प्रमुख समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित।
4. समस्त तहसीलदार, जनपद कुशीनगर, उक्त सूचना तहसील के सूचना पट्ट पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
5. केन्द्रीय नाजिर/उप नाजिर जजशिप कुशीनगर को न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने हेतु।
6. कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

07.11.2025

(शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी)
अपर जिला जज/सचिव

अपर जिला जज/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
कुशीनगर